

दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
DSSSB PRT, TGT & PGT
ROJGAR With ANKIT
Part(A+B)
SCHOLAR BATCH
हिन्दी
काल
Part -2
LIVE 12-04-2024 09:00 AM

## भूतकाल के भेद छः होते है।

1. **सामान्य भूतकाल** – जहाँ बीते हुए समय में कार्य के होने का बोध हो। वहाँ सामान्य भूतकाल होता है।

- वह स्कूल गया।
- रमन आया।
- मीरा ने भजन गाया।
- उसने कार्य कर लिया।
- मैंने समाचार देखा।

राम गया।

मैंने खाया।

तुम आए।

2. **आसन्न भूतकाल** – क्रिया के जिस रूप से यह बोध हो

↓
निकट

कि क्रिया अभी कुछ समय पहले ही पूर्ण हुई है। उसे आसन्न भूतकाल कहते है।

- उसने पूजा की है।
- मैं अभी सोकर उठी हूँ।
- उसने अभी आम तोड़ा है।
- मैंने नाशपाती खायी है।
- मैं अभी अमेरिका से आया हूँ।
- रीना अभी सोयी है।

पूर्ण वर्तमान

आसन्न भूतकाल

3. **पूर्ण भूतकाल** – क्रिया के जिस रूप से यह पता चलता है कि कार्य निश्चित किये गये समय से पहले पूर्ण हो चुका था। वहाँ पूर्ण भूतकाल होता है।

- उसने श्याम को मारा था।
- अर्जुन ने कर्ण को मारा था।
- राधा ने गीत गाया था।
- राहुल सांकृत्यायन ने यात्रावृतांत लिखे थे।
- वर्षा हुई थी।
- गाड़ी आई थी।

उसने कलम खरीदी थी।

मैं सोया था।

मोहन शादी में गया था।

**4. अपूर्ण भूतकाल** – क्रिया के जिस रूप से यह बोध होता है कि कार्य भूतकाल पूरा नही हुआ अपितु नियमित रूप से जारी रहा उसे अपूर्ण भूतकाल कहते है।

- बच्चा रो रहा था।   सीता किताब पढ़ रही थी।
- सीता पढ़ रही थी।  वह गा रहा था।
- मोहन रेगिस्तान में खेल रहा था।
- गीता हंस रही थी।   लोग बड़ी-बड़ी गाड़िया लेकर आ रहे थे।
- वह समाचार देख रहा था।

5. **संदिग्ध भूतकाल** – क्रिया के जिस रूप से कार्य होने में अनिश्चितता एवं सन्देह प्रकट हो उसे संदिग्ध भूतकाल कहते है।

- श्याम ने चिट्ठी लिखी होगी।
- वे क्रिकेट खेले होंगे।
- ललिता चली गई होगी।
- वह कल आया होगा।
- दुकान बंद हो चुकी होगी।
- वह गया होगा।